पटना विश्वविद्यालय

# अपील

पत्रांक PUEA/PUTA/PUCEA/28/26 दिनांक 28.07.2026 तथा पत्रांक PUEA/PUTA/PUEA/29/26 दिनांक 29.07.2026 के सन्दर्भ में निम्नलिखित तथ्यों को निदेशानुसार आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक करवाई हेतु प्रेषित किया जा रहा है:-

1. दिनांक 20/07/2026 को अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के ही 21/07/2026 को Mass C.L. पर जाने की सूचना PUTA पत्रांक Nil दिनांक 20.07.2026 के द्वारा एवं PUEA/24/26 दिनांक 20.07.2026 के द्वारा ईमेल के माध्यम से प्रशासन को दी गई।
2. दिनांक 21.07.2026 को ही पत्रांक PUEA/PUTA/PUCEA/25/26 दिनांक 21.07.2026 द्वारा आगे तीन दिनों का 22.07.2026 से 24.07.2026 तक Mass C.L. की अवधि को विस्तारित करने की सूचना दी गई।
3. PUTA के पत्रांक Nil दिनांक 20.07.2026 के द्वारा एक दिन का ही सामूहिक अवकाश की सूचना दी गई थी। PUTA के द्वारा Mass C.L. को विस्तारित करने की सूचना नहीं दी गई थी।
4. सूचना के अनुसार बिना PUTA में resolution के ही संयुक्त मोर्चा बना कर उपरोक्त तीन दिनों का C.L. को विस्तारित किया गया। यह किस तरह की लोकतान्त्रिक व्यवस्था है ? PUTA एवं PUEA दोनों में पिछले कई वर्षों से चुनाव नहीं हुए हैं और वर्तमान कार्यकारिणी खास कर PUEA में वर्षों से बिना किसी संवैधानिक तरीके से चुनाव कराए पद पर विराजमान हैं।
5. ज्ञातव्य हो कि इस चार दिनों के अवकाश के कारण 21 से 24 जुलाई, 2026 तक के सेमेस्टर परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा एवं कुलपति कार्यालय में चल रहे 10 से 11 ग्रेड में शिक्षकों के प्रमोशन सम्बन्धी स्क्रूटिनी के कार्य को कुछ शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मी बाधित करने पहुंच गए और अंततः बाधित कर दिया गया।

6. पूर्व में 06.12.2024 में भी PUEA द्वारा परीक्षा के समय ही हड़ताल किया गया जिसमें बिना सूचना के ही सभी कॉलेजों के Main Gate पर 05.12.2024 के रात्रि में ही ताला जड़ दिया गया था जिसके फलस्वरूप सभी परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा था। ऐसा करना क्या लोकतान्त्रिक तरीका हो सकता है ?

7. पत्रांक AC/R/692 दिनांक 24.07.2026 द्वारा सभी विभागाध्यक्षों / प्राचार्यों को सूचना दी गई कि जो शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी सामूहिक अवकाश पर थे उसकी जानकारी समर्थ पोर्टल पर अपडेट करके देंगे।

8. ज्ञातव्य हो कि आपके द्वारा किये गए सामूहिक अवकाश की घोषणा के बावजूद अनेकों शिक्षक/ शिक्षकेत्तर कर्मी द्वारा अपना अपना कार्य किया गया। कई शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मी एक दिन के अवकाश पर थे तथा कई चार दिनों के सामूहिक अवकाश पर थे। कई शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मियों द्वारा समर्थ पोर्टल पर आकस्मिक अवकाश अपडेट किया गया है और जिनके पास आकस्मिक अवकाश नहीं है वे अर्जित अवकाश के लिए अपडेट कर रहे हैं।

9. कई शिक्षक द्वारा अपना योगदान पटना में होने वाले अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए दिया गया। ये शिक्षक सामूहिक अवकाश पर नहीं रहते हुए अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे थे।

10. समर्थ पोर्टल पर पूर्व के अवकाश के उपदेशन में होने वाली दिक्कतों की सूचना प्राप्त होते ही पोर्टल को 21 जुलाई, 2026 से 24 जुलाई, 2026 तक के अवकाश के लिए activate करते हुए इसकी सूचना सभी विभागाध्यक्षों/ प्राचार्यों को दिनांक 27.07.2026 को दी गई और साथ ही पत्रांक AC/R/692 दिनांक 24.07.2026 द्वारा मांगी गई सूचना को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

11. **दिनांक 27.07.2026 को 04:00 संध्या से माननीय कुलपति महोदय के कक्ष में Convocation की meeting आहूत थी जिसके विचार-विमर्श में व्यस्त थे। दिनांक 28.07.2026 को जब कुछ शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मी पूर्वाह्न में कुलपति कार्यालय में आये। तदुपरांत सचिव द्वारा फिर से पूर्व के निर्देशों से अवगत कराया गया कि सभी शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मियों को समर्थ पोर्टल पर व्यक्तिगत रूप से ही अवकाश को अपडेट करने की सूचना दी गई थी। ज्ञातव्य हो कि उस दिन माननीय कुलपति अपने आवासीय कार्यालय में विश्वविद्यालय के आवश्यक कार्यों का निष्पादन कर रहे थे एवं**

Shw

10/8/26

**शिक्षकेत्तर कर्मियों के Promotion Committee की बैठक ( जो सायं 04:00 बजे आहूत थी ) से सम्बंधित संचिकाओं की समीक्षा कर रहे थे।**

12. **Promotion Committee की संचिकाओं के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि कुछ शिक्षकेत्तर कर्मी 8 साल में प्रोन्नति के बदले 5 साल में ही प्रोन्नत हो गए हैं और एक कर्मी की प्रोन्नति में ऐसा पाया गया कि जो Peon के पद पर बहाली हुई और Senior Computer Operator के पद पर प्रोन्नति प्राप्त कर लिए हैं ।**

13. विश्वविद्यालय प्रशासन को यह भी भान है कि वैसे शिक्षकेत्तर कर्मी अपने गलत प्रमोशन को बचाने और वर्चस्व दिखाने के लिए संघ के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करते रहते है।

14. यह भी प्रशासन के समझ के परे है कि जो अवकाश प्रस्तावित विधेयक के विरोध में था वह C.L. आवेदन के मुद्दे पर कुलपति / विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ रुख कैसे ले लिया?

15. इस सन्दर्भ में यह जानकारी देना भी उचित होगा कि शिक्षकेत्तर संघ के द्वारा विगत वर्षों में किए गए हड़ताल के दौरान , कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय द्वारा बार बार माँगे जाने पर भी शिक्षकेत्तर संघ के द्वारा अपना नियमावली एवं रजिस्ट्रेशन नंबर अभी तक विश्वविद्यालय प्रशासन को उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऊपर से अध्यक्ष / उपाध्यक्ष / महासचिव वर्षों से अपने अपने पद पर काबिज़ हैं जो चिंताजनक विषय है एवं यह किस तरह की लोकतांत्रिक व्यवस्था है ? इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है।

उपरोक्त तथ्यों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए आप अपने-अपने C.L. का आवेदन समर्थ पोर्टल पर अपलोड करें जो पटना विश्वविद्यालय के सम्बंधित शिक्षक/ शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए सम्मानजनक एवं हितकर होगा।

Shalini
10-8-2026

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय

10/08/26

ज्ञाप संख्या....126/R                                                    दिनांक 10-08-2026

1. पटना विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारिओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Shalini
10-8-2026
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय

ज्ञाप संख्या....126/R                                                    दिनांक 10/08/2026

1. महासचिव, PUTA एवं 2. महासचिव PUEA/PUCEA को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Shalini
10-8-2026
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय

ज्ञाप संख्या....126/R                                                    दिनांक 10/08/2026

1. अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना, 2.विशेष कार्य पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना, 3.सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार एवं 4.निदेशक, शिक्षा विभाग, बिहार को सूचनार्थ।

Shalini
10-8-2026
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय

ज्ञाप संख्या....126/R                                                    दिनांक 10/08/2026

1. प्रभारी, आई टी सेल को वेबसाइट पर अपलोड करने एवं सभी सम्बंधित विश्वविद्यालय कर्मियों को ई-मेल द्वारा सूचना देने हेतु अग्रसारित।

Shalini
10-8-2026
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय

10/08/26